<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1411

03 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

देश में नए इस्पात संयंत्र की स्थापना

1411. सुश्री सरोज पाण्डेयः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2014 से 2019 तक देश में कितने नए इस्पात संयंत्रों की स्थापना की गई और इन इस्पात संयंत्रों में कितने प्रतिशत लोगों को रोज़गार प्रदान किया गया; और

(ख) इन संयंत्रों से इस्पात उत्पादन में कितने प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख): वर्ष 2013-14 से वर्ष 2018-19 तक देश में स्थापित नए इस्पात संयंत्रों के वर्ष वार आंकड़े, उनकी स्थापना के वर्ष से लेकर 2018-19 तक उनके औसत उत्पादन और उत्पादन में औसत परिवर्तन सहित नीचे दर्शाए गए हैं। इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र होने के नाते, निजी इस्पात क्षेत्र में कार्मिकों की भर्ती संबंधी विशिष्ट निर्णय व्यक्तिगत इस्पात कंपनियों/निवेशकों द्वारा अपनी आवश्यकता के आधार पर लिए जाते हैं।

वर्ष	सार्वजनिक क्षेत्र में स्थापित इस्पात संयंत्रों की संख्या	निजी क्षेत्र में स्थापित इस्पात संयंत्रों की संख्या	कच्चे इस्पात उत्पादन का ब्यौरा (केवल नए स्थापित संयंत्र)	
			उत्पादन (औसत)	
			मात्रा (एमटी में)	औसत वृद्धि दर %
2013-14	शून्य	54	1.761	6.9
2014-15		66	3.696	-3.8
2015-16		20	1.025	-3.9
2016-17		50	4.778	44.0
2017-18		63	4.337	-0.5
2018-19*		84	4.333	-
स्रोत: जेपीसी; * अनंतिम; एमटी=मिलियन टन				

****